पूर्व छात्र परिषद की बैठक हुई आहूत, पूर्व छात्रों द्वारा महाविद्यालय में 2 लाख से अधिक विकास कार्यों की घोषणा

सांभर

राजकीय शाकंभरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व छात्र परिषद की बैठक शनिवार को आहूत हुई। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) दीपचन्द डूडी ने बताया कि पूर्व छात्रों को नैक निरीक्षण परिपेक्ष में महाविद्यालय के विकास में अपनी भूमिका को सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से पूर्व छात्र परिषद की बैठकों का आयोजन

करते रहना चाहिए उक्त बैठक में भाग लेने वाले समस्त पूर्व छात्रों का प्रोफेसर डॉ. दीपक कुमार शर्मा द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त पूर्व छात्रो ने अपने - अपने अध्ययन काल के दौरन के वृत्तान्त बतलाते हुए महाविद्यालय के विकास के संबंध अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में लगभग 30 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। पूर्व छात्र मोहन लाल भदाला द्वारा अपने जीवनकाल की रोचक घटनाओं का वर्णन किया। हनुमान चुडावत द्वारा लोकप्रिय गीत चिरमी पर अपने अध्ययनकाल में प्राप्त पुरूस्कार का वर्णन करते हुए पूर्व छात्रो की मांग पर चिरमी गीत प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की स्थिति में सुधार को अहम बताया और महाविद्यालय की स्थिति में सुधार के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। बैठक के दौरान पूर्व विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय के विकास हेतु 2 लाख से अधिक रुपयों की तत्काल सहयोग राषि प्रदान करने की घोषणा की गयी। इसके अतिरिक्त पूर्व छात्र एस. पी. मिश्रा (बब्ल मिश्र) द्वारा अपने पुत्र की पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु एक वाटर कूलर भी प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम अनिल कुमार गड्डानी पूर्व छात्र एवं उद्योगपति तथा कैलाष शर्मा पूर्व छात्र एवं वरिष्ठ पत्रकार के संयोजन में अयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रोफेसर डॉ. जया राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहें।